**भारत सरकार**
**रेल मंत्रालय**

**लोक सभा**
**11.12.2024 के**
**अतारांकित प्रश्न सं. 2753 का उत्तर**

**बांका से सुल्तानगंज, बिहार तक रेलवे लाइन परियोजना**

**2753. श्री रामप्रीत मंडल:**

**क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:**

**(क) बिहार में बांका से सुल्तानगंज तक प्रस्तावित रेलवे लाइन परियोजना की स्थिति क्या है;**

**(ख) क्या सरकार का वित्तीय वर्ष 2024-25 में उक्त नई रेल लाइन परियोजना शुरू करने का विचार है; और**

**(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?**

**उत्तर**

**रेल, सूचना और प्रसारण एवं इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री**

**(श्री अश्विनी वैष्णव)**

**(क) से (ग): बिहार राज्य में पड़ने वाले बांका और सुल्तानगंज पहले से ही बरहट जंक्शन और भागलपुर जंक्शन के रास्ते भारतीय रेल नेटवर्क से जुड़े हुए हैं।**

**रेल परियोजनाओं का सर्वेक्षण/स्वीकृति/निष्पादन क्षेत्रीय रेल-वार किया जाता है न कि राज्यवार/निर्वाचन क्षेत्र-वार क्योंकि रेल परियोजनाएं राज्य/निर्वाचन क्षेत्र की सीमाओं के आर-पार हो सकती हैं। रेल परियोजनाएं लाभप्रदता, यातायात अनुमानों, अंतिम छोर संपर्कता, मिसिंग**

लिंक और वैकल्पिक मार्गों, भीड़भाड़/संतृप्त लाइनों के संवर्धन, राज्य सरकारों, केंद्रीय मंत्रालयों, संसद सदस्यों, अन्य जन प्रतिनिधियों द्वारा उठाई गई मांगों, रेलवे की अपनी परिचालनिक आवश्यकताओं, सामाजिक-आथक कारकों आदि के आधार पर स्वीकृत की जाती हैं जो चालू परियोजनाओं के थ्रोफारवर्ड और धनराशि की समग्र उपलब्धता पर निर्भर करती हैं।

बिहार राज्य में पूर्णत:/अंशत: पड़ने वाली रेल अवसंरचना परियोजनाएं भारतीय रेल के पूर्व मध्य रेलवे, पूर्व रेलवे, पूर्वोत्तर रेलवे और पूर्वोत्तर सीमा रेलवे जोनों रेलों के अंतर्गत आती हैं। लागत, व्यय और परिव्यय सहित रेल परियोजनाओं का क्षेत्रीय रेलवे-वार ब्यौरा पब्लिक डोमेन में उपलब्ध कराया गया है

01.04.2024 तक, बिहार राज्य में पूर्णत:/अंशत: पड़ने वाली 79,356 करोड़ रुपये की लागत वाली कुल 5,064 किलोमीटर लंबाई की 55 परियोजनाएं (31 नई लाइनें, 02 आमान परिवर्तन और 22 दोहरीकरण) योजना/अनुमोदन/निर्माण चरण में हैं जिनमें से 1194 किलोमीटर कमीशन की जा चुकी है और मार्च 2024 तक 26,983 करोड़ रुपये का व्यय किया जा चुका है। सारांश इस प्रकार है: -

| कोटि | परियोजनाओं की संख्या | कुल लंबाई (किमी में) | मार्च 2024 तक कमीशन की गई लंबाई (किमी में) | मार्च, 2024 तक कुल व्यय (करोड़ में) |
|---|---|---|---|---|
| नई लाइनें | 31 | 2712 | 464 | 13629 |
| आमान परिवर्तन | 2 | 348 | 288 | 1520 |
| दोहरीकरण/मल्टीट्रैकिंग | 22 | 2005 | 442 | 11834 |
| कुल | 55 | 5064 | 1194 | 26983 |

**बिहार राज्य में पूर्णत:/अंशत: पड़ने वाली अवसंरचना परियोजनाओं के लिए परिव्यय का ब्यौरा निम्नानुसार है -**

| अवधि | परिव्यय |
|---|---|
| 2009-2014 | 1132 करोड़ रु. प्रतिवर्ष |
| 2024-2025 | 10,033 करोड़ रु. (लगभग 9 गुना) |

**बिहार राज्य में पूर्णत:/अंशत: पड़ने वाली नई पटरियों को कमीशन करने/बिछाने का ब्यौरा निम्नानुसार है -**

| अवधि | कमीशन किए गए नए रेलपथ | औसतन कमीशन किए गए नए रेलपथ |
|---|---|---|
| 2009-14 | 318 कि.मी | 63.6 कि.मी. |
| 2023-24 | 361 कि.मी. | 361 कि.मी. (5 गुना से अधिक) |

*****